तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025



पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी 4



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभान्वित बच्चे कलेक्टर से मिले

**जांजगीर-चांपा।** कोविड-19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभान्वित बच्चों ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों तथा उनके वर्तमान संरक्षकों से स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं समग्र सुरक्षा संबंधी जानकारी ली एवं बच्चों को स्कूल बैग, स्टेशनरी एवं अध्ययन सामग्री भेंट की और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री केयर फॉर चिल्ड्रन योजना से जुड़े इन बच्चों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा समय-समय पर निरंतर निगरानी एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

### वर्षा ऋतु में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस संबंध में मछली पालन विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद के सदस्य पहुंचे स्कूल

**राहौद।** विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी स्कूल पहुंचे। इस बीच प्राचार्य स्कूल के अनुपस्थित होने से उन्हें वापस लौटना पड़ा। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद का निर्धारित समय प्रातः 10 बजे है, जिसमें प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति अनिवार्य है। किंतु सोमवार 7 जुलाई को जब विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता विद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपने हेतु पहुंचे थे, तब विद्यालय में प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। छात्र नेताओं ने प्राचार्य के आने की प्रतीक्षा की, किंतु काफी देर तक वे नहीं पहुंचे। ऐसे में सभी पदाधिकारी और सदस्य वापस लौट आए।

### तीसरे दिन भी हुई झमाझम बरसात, पूरा अंचल पानी-पानी

# बारिश से बढ़ा नदियों का जल स्तर, छोटे नाले उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिछले दो दिनों से रूक रूककर हो रही बारिश तीसरे दिन भी जारी रही। शहर समेत पूरा अंचल झमाझम बारिश से तर बतर हो गया है। इधर बारिश के साथ ऊपरी क्षेत्रों से पानी आने के बाद जिले की महानदी और हसदेव नदी का बहाव भी बढ़ने लगा है। शिवरीनारायण में महानदी करीब 13 फीट बह रही है, तो वहीं चांपा में हसदेव नदी का जल स्तर एनीकट को पार कर गया है। इधर कई छोटे नाले उफान पर है। जिसके कारण जिले के कुछ पहुंच मार्ग अवरूद्ध हो गए है। खास करके सेमरा कुकदा होते शिवरीनारायण पहुंच मार्ग पूरे दिन अवरूद्ध रहा।

गौरतलब है कि बीते दो दिनों से पूरे अंचल में झमाझम बारिश हो रही है। यह बारिश सोमवार 7 जुलाई को भी रूक रूक करके होती रही। जिला मुख्यालय जांजगीर में दोपहर बाद मौसम का मिजाज बिगड़ा और झमाझम बारिश हुई। इसी तरह नवागढ़, केरा, शिवरीनारायण, पामगढ, बलौदा, बम्हनीडीह क्षेत्र में भी अच्छी बारिश हुई। लगातार तीन दिनों की बरसात से शहर सहित पूरा अंचल तर बतर हो गया। जिला मुख्यालय की सड़के पूरी तरह से जलमग्न हो गई, तो वहीं कई मोहल्लों में फिर से बारिश का पानी भर गया। इधर तीन चार दिनों की बारिश तथा ऊपरी क्षेत्रों से पानी आने से जिले की जीवनदायिनी महानदी और हसदेव नदी का जल स्तर भी बढ़ने लगा है। कुछ दिनों पहले जहां नदियों का रेत दिखाई दे रहा है, वह अब लबालब बह रही है। शिवरीनारायण में महानदी का जल स्तर 13 फीट बह रहा है। वहीं चांपा में हसदेव नदी का बहाव एनीकट के ऊपर आ गया है। हालांकि नदी का जल स्तर अभी खतरे के निशान से बहुत नीचे है। इधर छोटे नाले जरूर उफान पर है। सेमरा-कुकदा से शिवरीनारायण पहुंच मार्ग पर कंजीनाला का जल स्तर पुल के ऊपर आ गया। ऐसे में यहां पुल के ऊपर 3 फीट से ऊपर पानी बहने से आवागमन पूरी तरह से अवरूद्ध रहा। इसके अलावा पामगढ़ रोड पर कुथूर का कंजीनाला भी उफान पर रहा।



कुकदा नाला बह रही पाटो पाट।

### कुकदा नाला उफान पर, एसडीआरएफ टीम की तैनाती



**राहौद।** लगातार करीब सप्ताह भर से हो रही बारिश से कुकदा उफान पर है। जिसके चलते जांजगीर शिवरीनारायण मार्ग का संपर्क टूट गया है। स्थिति को देखते हुए एसडीआरएफ टीम की तैनाती की गई है। इसके अलावा एहतियात के तौर पर बेरिकेटिंग करके आवागमन भी अवरूद्ध किया गया है।

# अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश

## 10 गाड़ियों के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

### चांपा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतर जिला बाइक चोर गिरोह का पुलिस की संयुक्त टीम ने पर्दाफाश किया है। मामले मे 10 बाइक को बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा पुलिस और रेलवे पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में रेलवे स्टेशनों से बाइक चोरी करने वाले शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 10 चोरी की बाइक बरामद की हैं, जिनकी कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला चांपा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के जैजैपुर क्षेत्र के पंडाहरदी निवासी राधेश्याम धिरहे ने 6 जुलाई थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि एक दिन पूर्व 5 जुलाई को वह रेलवे स्टेशन चांपा अपने निजी काम से गया था और अपनी मोटरसाइकिल को स्टेशन के बाहर खड़ी किया था थोड़ी देर बाद आकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी, जिसे किसी अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर लिया गया कि सूचना थाना चांपा में दी गई। जिस पर तत्काल थाना चांपा में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार को दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल घटना स्थल जाकर पता तलाश करने एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए जिस पर तत्काल थाना चांपा से एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया पुलिस टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन स्थित एसपी कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज को एवं आर.पी.एफ पौस्ट चांपा की मदद से चेक किया गया। जिसमें घटना समय को दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से स्टेशन परिसर पर घूमते दिखे बारीकी से फुटेज को चेक करने पर दोनों व्यक्तियों के द्वारा प्रार्थी की मोटरसाइकिल को चोरी करते वीडियो में देखा गया। फुटेज के आधार पर आरोपियों के संबंध में पता तलाश करने पर पता चला कि दोनों व्यक्ति ट्रेन में समान बेचने का काम करते हैं। घेरा बंदी करके दो व्यक्तियों को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम रोशन भट्ट और प्रमोद चौहान होना पाया गया। जिनसे चोरी गई मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर पुलिस को गुमराह करते रहे बारीकी से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह कोरबा के रहने वाले हैं। दोनों आरोपियों से निशानदेही पर अलग-अलग स्थान से दोनो आरोपियों के कब्जे से कुल 10 नग मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो 3, यामहा 1, हीरो स्प्लेडर 1, एचएफ डिलक्स 3, प्लसर 1, होण्डा 1 को बरामद किया गया। जब्त बाइक की कीमत 8 लाख रुपए बताई जा रही है। दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किया गया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में चांपा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



मामले का खुलासा करते एएसपी व अन्य।

# धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले 2 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

धारदार हथियार लहराकर लोगों को डराने वाले 2 आरोपियों को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा शहर के बेलदारपारा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निकलेश कुमार यादव निवासी बेलदारपारा थाना चाम्पा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जुलाई को सुबह करीबन 7/10 बजे इसके पिता घर के बाहर चबूतरा में बैठा था। उसी समय पडोस का संतोष साहू ने वाद विवाद करने लगा। बाद विवाद की आवाज को सुनकर प्रार्थी घर से बाहर निकला तो देखा कि सन्तोष साहू ने धारदार हथियार तलवार नुमा को अपने हाथ मे लहराते आया। जिससे मोहल्ले वासियों में दहशत का महौल बन गया। दोनो भाई अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे इसी दौरान दयाराम साहू तलवार नुमा हथियार से प्रार्थी तथा उसकी मां पर हमला करने का प्रयास किया जिसे प्रार्थी अपने हाथ से रोका तो इसके हाथ में चोट लगा रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए इसकी सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, नगर पुलिस अधीक्षक चाम्पा यदुमनी सिदार को दी गई। जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपियों को पकड़कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। 2 व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने की फिराक में थे जिन्हें दौड़ा कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम दयाराम साहू और संतोष साहू बेलदारपारा बताया गया। आरोपी दया राम साहू के कब्जे से तलवारनुमा हथियार जप्त किया गया दोनों आरोपियों के द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने से दोनों आरोपियों के विरुद्ध 296, 351(2),115(2) 3(5) बीएनएस तथा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत किया गया तथा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कारवाई में थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता सहित स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### प्रेम जाल में फंसाकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिक लड़की 28 जून 2024 को घर पर नहीं थी किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले गया होगा जिसकी सूचना रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। पलिस ने आरोपी सुनील मनहर (25) के कब्जे से नाबालिग लड़की को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने जबरन अनाचार करना स्वीकार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# गौरव पथ निर्माण में अनियमितता उजागर, कोर सेंपल जांच में फेल !

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

10 करोड़ रुपए की लागत से बने गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। स्थिति यह है कि जांच के लिए भेजा कोर सेंपल एक बार फिर फेल हो गया है।

विदित हो कि नगर पंचायत डभरा में लगभग दस करोड़ रुपए की राशि से सर्व सुविधा युक्त थाना चौक डभरा से शासकीय महाविद्यालय मोड़ तक गौरव पथ का निर्माण किया गया है। उक्त निर्माण कार्य में गुणवत्ता की भारी अनदेखी की गई। अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी को लेकर पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष ने शिकायत की थी। बताया जाता है कि उनकी शिकायत पर नगरीय प्रशासन के द्वारा कोर सैंपल लेकर जांच के लिए शासकीय इंजियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर भेजा गया, जहां कोर सैंपल फेल हो गया और गौरव पथ निर्माण को गुणवत्ताहीन कह दिया है। इधर नगरीय प्रशासन के द्वारा विभाग के कार्यपालन अभियंता से इसकी फिर से जांच कराई गई। बताया जाता है कि इस बार कोर सैंपल लेकर शासकीय इंजियरिंग महाविद्यालय रायपुर भेजा गया। वहां भी कोर सैंपल फेल हो गया और जांच रिपोर्ट में पहले से भी ज्यादा गुणवत्ताहीन होना बताया गया। सूत्रों के मुताबिक इसके बाद फिर से जांच के लिए कोर सेंपल एन आई टी रायपुर भेजा गया और एन आई टी रायपुर में भी कोर सैंपल फैल हो गया और रिपोर्ट में निर्माण कार्य मापदंड के अनुरूप नहीं है लिखा गया। इस तरह से बार बार कोर सैंपल फेल होने से जहां गुणवत्ता की अनदेखी उजागर हो रही है, तो वहीं बार बार सेंपल भेजना विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खडे करता है।



डभरा में बना गौरव पथ।

**रिपोर्ट के बाद कार्रवाई**

गौरव पथ निर्माण कार्य का सेंपल भेजा गया है। अभी विस्तृत रिपोर्ट नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

-मनीष निषाद,
सीएमओ
नगर पंचायत डभरा

# बस, वैन व कामन रूम में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य, छात्रों को गुड व बेड टच की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बस, वैन व कामन रूम में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य कर दिया गया है। प्रत्येक स्कूलों में सुरक्षा समिति का गठन करना है। इसके अलावा कार्यशाला में छात्रों को गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक ने सोमवार 7 जुलाई को स्कूल प्रबंधकों एवं प्राचार्यों की सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित समा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही यातायात के प्रति जागरूक होने और सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि स्टॉफ टीचर एवं स्टूडेंट्स के लिए हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, स्कूली बसों वैन की गति सीमा नियंत्रित हो, ज़्यादातर दुर्घटनाएं लापरवाही से होती हैं इसलिए सावधानी ही सुरक्षा है। सड़क पार करते समय ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, ट्रैफिक नियमों की जानकारी छात्रों को नियमित रूप से दी जाए। स्कूली बसों की तकनीकी और यांत्रिक जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए, ड्राइवर और कंडक्टर का चरित्र सत्यापन कराया। व्यक्तियों पर सतत निगाह रखने, छात्रों में नशे की आदत के रोकथाम, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं शिकायत पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई।



कार्यशाला को संबोधित करते एएसपी उमेश कश्यप।

### कलेक्टर के निर्देशन में नवागढ़ ब्लाक के केरा में हुई कार्रवाई

# अवैध खाद भंडारण पर छापा, 150 बोरी यूरिया व 100 बोरी सुपर फास्फेट जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरीफ फसल की बोआई शुरू होने के साथ ही जिले में खाद के अवैध भंडारण और विक्रय का काम भी शुरू हो गया है। इस पर रोक लगाने प्रशासनिक अमला भी अलर्ट हो गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देशन में अफसरों की संयुक्त टीम ने नवागढ़ ब्लाक के केरा गांव में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान एक फुटकर विक्रेता के पास अवैध रूप से भंडारित 150 बोरी यूरिया और 100 सुपर फास्फेट खाद को जब्त किया गया।

सोमवार 7 जुलाई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे के दिशा निर्देशन में कृषि विभाग के अफसरों के साथ उर्वरक निरीक्षक की संयुक्त टीम नवागढ़ ब्लाक के केरा गांव में छापामार कार्रवाई करने पहुंची। यहां अश्वनी ट्रेडर्स में उन्होंने औचक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस दौरान वहां बड़ी मात्रा में खाद का भंडारण किया गया था। जांच पड़ताल के दौरान उक्त फर्म में खाद भंडारण के कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। वहीं खाद बिक्री के लिए बोर्ड पर स्टाक प्रदर्शन, मूल्य तालिका, पीओएस मशीन की रसीद, साप्ताहिक, मासिक प्रतिवेदन स्टाक रजिस्टर का संधारण भी नहीं होना पाया गया। ऐसे में वहां मिले 150 बोरी यूरिया और 100 बोरी सुपर फास्फेट खाद का पंचनामा तैयार करके जब्ती बनाई गई। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से खाद बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया है।



दुकान में कार्रवाई करने पहुंची जांच टीम।

### पीडीएस चावल का भी अवैध कारोबार

नवागढ़ ब्लाक के केरा गांव में पीडीएस चावल बेचने और खरीदने का भी अवैध कारोबार बेरोक टोक हो रहा है। बताया जाता है कि तीन महीने का एकमुश्त चावल मिलने के बाद समिति कर्मचारी से मिलकर पीडीएस का चावल बड़ी मात्रा में खरीदा गया है। बताया जाता है कि खाद्य विभाग की टीम भी जांच करने पहुंची लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

# आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में एक युवक को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम कुरदा खार का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मई को ग्राम कुरदा खार के पास एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान धनेश्वर प्रसाद धोबी, निवासी ग्राम ठठारी के रूप में हुई। जांच के दौरान यह सामने आया कि धनेश्वर को आरोपी महेन्द्र उर्फ मोनू चंद्रा द्वारा बार-बार पैसों की मांग को लेकर धमकाया और गाली-गलौज करता था। 25 मई को भी आरोपी धनेश्वर के घर पहुंचा और घर वालों से गाली गलौज की। पुलिस के मुताबिक इस तरह की स्थिति से जूझ रहे धनेश्वर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के बयान के आधार पर थाना चांपा में आरोपी के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी महेन्द्र उर्फ मोनू को ग्राम ठठारी में पकड़ा और हिरासत में लेर पूछताछ की। इस दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।




# तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

लाइफ Style

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।



हॉलीवुड मसाला



# रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।




# जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रेंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।



# विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



# रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।

टीवी मसाला



# डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुई चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा'में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

## कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है। कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।'इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।



# शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थ्रिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।

***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

# दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



## बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

# बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

***नई दिल्ली।** बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन :** कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी :** साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु :** दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।




**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का :** रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।



**शेरनी :** फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**कहानी :** विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु :** विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।

स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### सेवा सहकारी समिति अकलसरा में लगाए पौधे



**जैजैपुर।** अकलसरा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार चन्द्रा प्रभारी संस्था प्रबंधक सोमनाथ चंद्रा कम्प्यूटर ऑपरेटर संतोष साहू भाजपा नेता संजू चंद्रा पूर्व सरपंच जनपद सदस्य सरकार सिंह राम रतन चन्द्रा श्याम चन्द्रा मोन्टू सिदार भुनेश्वर चन्द्रा दुलार सिंह सिदार गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर गांव के विभिन्न जगहों पर वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर पीपल नीम बरगद के वृक्ष समिति प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया। साथ ही संयुक्त रूप से संकल्प भी लिया अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ काटने वालों के खिलाफ विरोध कर उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई भी करायेगें।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा पास कर प्रिंसी ने नाम किया रोशन

**जांजगीर-चांपा।** अपनी कड़ी मेहनत और लगन से प्रिंसी पांडेय ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की



प्रतिष्ठित उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रिंसी पांडेय जिला मुख्यालय के लिंक रोड निवासी प्रमोद पांडेय और सुनीता पांडेय की सुपुत्री हैं। उन्होंने यह सफलता इनकम टैक्स एडवोकेट अरविंद मित्तल के मार्गदर्शन में प्राप्त की, जिनके मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई। प्रिंसी की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है।

### अग्रसेन भवन नैला में होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार नैला, जांजगीर, बलौदा, चांपा, अकलतरा एवं पामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार 10 जुलाई को सांय 7 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं । गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महासत्संग, गुरु पूजा, ध्यान व महाप्रसाद का आयोजन अग्रसेन भवन नैला में होगा। इस आयोजन में अंचल की प्रसिद्ध भजन गायिका श्रुति बेलचंदन द्वारा अपनी सुमधुर स्वर में गायन करेंगी। आयोजक संस्था ने श्रद्धालु-जन को सपरिवार सादर आमंत्रित किया हैं। कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा किया जा रहा हैं, जिसमें नैला, जांजगीर, बलौदा, चांपा एवं अकलतरा के सदस्य शामिल होंगे।

## निधन

### कार्तिक कश्यप

**बिर्रा।** ग्राम जमड़ी के प्रतिष्ठित नागरिक कार्तिक कश्यप का 85 वर्ष की आयु में शनिवार 5 जुलाई को



निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके मछले पुत्र ने दी। वे अपने पीछे दो पुत्र, चार पुत्री, नाती पोता सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। अंतिम यात्रा में परिजन, सजातीय बंधु व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### कलेक्टर ने बारिश में सड़क गड्ढों की मरम्मत को प्राथमिकता देने दिए निर्देश

# अतिवृष्टि, बाढ़ आपदा और मौसमी बीमारियों को लेकर विभागीय अधिकारी रहें अलर्ट : महोबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जनमेजय महोबे।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार 7 जुलाई को कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, लोक सेवा गांरटी से प्राप्त आवेदन की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को बारिश के मौसम में अलर्ट मोड रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों, विशेषकर रिहायशी इलाकों में पानी भरने की स्थिति में तत्काल संयुक्त टीम गठित कर समस्या का समाधान किया जाए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि बांधों एवं जलाशयों, पिकनिक स्पाट में जहां पानी का स्तर अधिक रहता है, वहां सभी संबंधित विभाग नियमित निगरानी रखे। साथ ही जल भराव, जल निकासी और यातायात संबंधी समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि कही बाढ़ जैसे स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल सूचना दें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नुकसान होने की स्थिति में तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाए, जिससे पीड़ितों को शीघ्र सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने मलेरिया, डायरिया जैसे मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहकर आवश्यक कार्यवाही करने व जल स्त्रोतों की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र से समस्या की सूचना मिलते ही तत्काल स्थल निरीक्षण कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग, दवाओं का छिड़काव एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में सड़कों के गड्ढों को तत्काल भरा जाए। लोक निर्माण विभाग, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय मार्ग विभाग की जहां सड़क है, वही विभाग जिम्मेदारी के साथ गुणवत्ता पूर्ण ढंग से मरम्मत कार्य सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रावासों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने, मरम्मत कार्यों की आवश्यकता की पहचान करने और उसकी रिपोर्ट समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकानों में गुणवत्ता के साथ कार्य करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में जमीन से संबंधित आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाये गये है। कलेक्टर बैठक में रेलवे विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्रस्तावित अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज और अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने जिले में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, आर के तंबोली सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



गंदगी व कीचड़ के लगा ट्रांसफार्मर।

# गतवा में कीचड़ व गंदगी पार कर ट्रांसफार्मर सुधार की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

ग्राम गतवा में कीचड़ व गंदगी पार करके ट्रांसफार्मर सुधार व डीओ चढ़ाने की मजबूरी बनी रहती है। खास कर बरसात के मौसम में दिक्कतें और भी बढ़ गई है।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत गतवा में तालाब के नीचे घुरवा से सटा होने के कारण 32केव्ही का ट्रान्सफार्मर लगा दिया गया है। इस ट्रान्सफार्मर से आधे बस्ती की बिजली सप्लाई होती है। घुरवा में हमेशा कीचड़ गंदगी से अटा रहता है। वहीं आसपास भी झाड़ियां से ढ़का रहता है। इस ट्रान्सफार्मर के आने जाने का रास्ता कीचड़युक्त होने के कारण बहुत ही लोग इस मार्ग से आना जाना नहीं करते तथा सभी को बरसात के मौसम में खास कर ट्रान्सफार्मर बनाने के लिए अनेक परेशानी से जुझना पड़ता है। किसी तरह ट्रान्सफार्मर को बनाने के लिए पहुंच भी गए तो घुरवा की गंदगी और गीला होने के कारण इससे निकलने वाला बंदबू से परेशान रहते हैं। वहीं डीओ को चढ़ाने के दौरान तरंगित तार के चपेट में आ जाते हैं। कभी भी बड़ी हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी सरपंच को कई बार दी गई है। इस संबंध में ग्राम गतवा के सरपंच भुवन साहू का कहना है कि ट्रान्सफार्मर जाने वाले रास्ते को बनाने के लिए सीसीरोड़ के लिए राशि आंबटित होने पर कार्य किया जाएगा। अभी मुलभूत की राशि नहीं आई है।

# पारिवारिक मनोरंजन फिल्म है तोर संग मया लागे

**चांपा।** बहुप्रतीक्षित छत्तीसगढ़ी फिल्म "तोर संग मया लागे 11 जुलाई से प्रदेश के सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में रिलीज होगी। उत्तम तिवारी के निर्देशन में बनी परिवारिक फिल्म है। निर्माता सोमेश केशरवानी, सागर केशरवानी, मदन कहरा और उत्तम तिवारी की इस मसाला फिल्म में रोमांस, एक्शन, इमोशन के साथ, पारिवारिक, नोक-झोंक का तड़कता-भड़कता मिश्रण है।



पत्रकारों से चर्चा करते फिल्म के कलाकार।

निर्माता सागर केशरवानी ने बताया फिल्म को पद्मिनी सिनेमा चांपा सहित प्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स में रिलीज होने जा रही है। हाल ही में रिलीज हुए गाने को दर्शकों का ढेर सारा प्यार मिल रहा है फिल्म का संगीत स्वयं निर्देशक उत्तम तिवारी के द्वारा तैयार किया गया है, जिसे प्रफुल्ल बेहरा ने म्यूजिक अरेंजमेंट के साथ और निखारा है। गानों में सुनील सोनी, अनुराग शर्मा, चंपा निषाद, नितिन दुबे, अनुपमा मिश्रा, श्रद्धा मंडल, और कंचन जोशी की सुरीली आवाज ने जादू बिखेरा है। दिलीप बैस और नंदू मास्टर (ओडिशा) की कोरियोग्राफी ने गानों को विजुअल ट्रीट बना दिया है, जो दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर देगा। फिल्म में पकलू पचासी (नायक) और हिरनमयी दास (नायिका) की जोड़ी रोमांस का तड़का लगाएगी, जबकि पप्पू चंद्राकर हास्य किरदार में हंसी के फव्वारे छोड़ेंगे। जीत शर्मा, कीर्ति प्रकाश जायसवाल, विनोद उपाध्याय, अर्जुन परमार, गायत्री निषाद, दिब्या नागदेवे, मोहन चौहान, और शशीता साहू जैसे कलाकारों ने अपने अभिनय से फिल्म में जान डाल दी है। विष्णु शर्मा, लक्ष्मण यादव, और मयंक साहू की सिनेमैटोग्राफी, रज्जू सरकार और विलास राऊत का मेकअप और अश्वनी जंघेल का आर्ट डिजाइन दर्शकों को विजुअल डिलाइट देने वाला है। दिलीप कौशिक के लेखन और आर्ट डिजाइन दर्शकों को विजुअल डिलाइट देने वाला है। दिलीप कौशिक के लेखन और अर्जुन परमार, महेश सिंह, प्रदीप विश्वकर्मा, योगेश साहू, और योगेश कश्यप की प्रोडक्शन टीम ने फिल्म को भव्यता दी है।

■ फिल्म के कलाकार पत्रकारों से हुए रूबर

### शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत देवगांव में 7 जुलाई को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष रितेश




साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात नव प्रवेश छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तो प्रतिभावान बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पालक एवं शिक्षकों द्वारा स्कूलों की समस्या से अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में छपोरा मंडल के अध्यक्ष घनश्याम भारद्वाज, शासकीय मिडिल स्कूल घोघरी के जन भागीदारी के अध्यक्ष रेखा जायसवाल, ग्राम पंचायत देवगांव के सरपंच एवं पंचगण गांव के गणमान्य नागरिक पालकगण, संकुल केंद्र के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर 13 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल सरकंडा बिलासपुर के द्वारा अस्थि, नूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर निशुल्क 51 स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन 13 जुलाई दिन रविवार को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में रखा गया है। उक्ताशय की जानकारी शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी के द्वारा दिया गया है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• माहवारी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वेरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

### जनपद पंचायत अकलतरा के सभाकक्ष में पंचायत सचिव दिवस का आयोजन

# पंचायत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सचिव : अघरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा




उपस्थित पंचायत सचिवों को संबोधित करते अतिथि।

जनपद पंचायत अकलतरा के सभाकक्ष में पंचायत सचिव दिवस का आयोजन जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया के मुख्य आतिथ्य तिथि में किया गया। अध्यक्षता विकासखंड पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष बसंत शर्मा ने ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलंन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन देव सिंह अघरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि पंचायत सचिव एक गांव के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सचिव ही गांव की पंचायत और प्रशासन के बीच पुल का काम करता है। एक पंचायत सचिव की भूमिका प्रशासनिक पहलूओं में सीधे तौर पर होती है। पंचायत सचिव ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की बैठक का लेखा-जोखा तैयार करता है। मनरेगा, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान जैसी सरकारी योजनाओं को गांव के लोगों तक पहुंचाना और उसका रिकॉर्ड रखना भी पंचायत सचिव का ही काम होता है।इसके अवाला, गांववालों को जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास, जाति प्रमाण पत्र आदि के लिए आवेदन में भी ग्राम सचिव मदद करता है। ग्राम पंचायतों के विकास में पंचायत सचिवों के महत्वपूर्ण योगदान होता है। उनके सहयोग से हमारे जनपद पंचायत के समस्त पंचायतों का विकास बेहतर तरीके से हो रहा है। विकासखंड पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि सचिवों द्वारा जितना कार्य सेवा भावना के साथ किया जाता है, उसके बदले शासन से सभी सुविधाएं नहीं मिल पाती, जिसके वे वास्तव में हकदार है। हम इस मंच के माध्यम से शासन से अपील करते हैं कि सचिवों को जायज मांग को शासन शीघ्र पूरी करें। शासन द्वारा अब तक उनकी जायज मांगों को पूरा नहीं किया गया है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में हरि निर्मलकर ,सुरेश साव, मनमोहन साहू, सीताराम पटेल, युगल शुक्ला, राजा भरते,सीडी महंत, विनोद नेताम ,अजय यादव, राजकुमार यादव, श्रीमती नीतू सिंह, श्रीमती जलवती वैष्णव ,श्रीमती मीना साहू, सनत साहू, लक्ष्मी यादव, लोचन कश्यप, महेश्वर नर्मदा, कमलेंद्र मरावी, विनोद यादव, राजकुमार यादव एवं पंचायत सचिव बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पेड़ पौधों से हमें मिलती है शुद्ध हवा, सभी एक पौधा जरूर लगाएं



**तनौद।** सेवा सहकारी समिति तनौद में एक पेड़ मां के नाम का कार्यक्रम संस्था प्रबंधन शिव प्रसाद पटेल द्वारा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महावीर साहू सरपंच प्रतिनिधि एवं रामहरि साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति तनौद, कमल किशोर, देवी यादव, राजकुमार कंवर राहुल महिपाल,अर्जन साहू ,आषुतोष साहू,शिव साहू रिखी राम रामकुमार केंवट राजकुमार कंवर सुखराम,रामू चेतन साहू उपस्थित थे। पर्यावरण संरक्षण दिवस अवसर पर रामहरि साहू अपने संबोधन में कहा कि पेड़ हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक हैं। वे मनुष्यों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उन्हें फिट और खुश रखने में मदद करते हैं। पेड़ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए हर एक व्यक्ति को पौधे लगाना चाहिए।

### ग्राम पंचायत मुक्ता के कामेश्वर ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा

**मालखरौदा।** ब्लॉक मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मुक्ता



के कामेश्वर गबेल ने सीए उत्तीर्ण किया है। वह नरेन्द्र रंधावा गबेल एवं श्रीमती गीता गबेल के पुत्र है। कामेश्वर गबेल की प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर मालखरौदा से हुई। मिडिल स्कूल की पढ़ाई रायगढ़ से जबकि हाई स्कूल की पढ़ाई भिलाई से हुआ। ग्रेजुएशन अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से हुई। इसके बाद में इन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट की तैयारी रायपुर में किया। चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने पर परिजनों सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भवाष्यि की कामना की है।

### भाजपा नगर मंडल ने मुखर्जी को अर्पित की पुष्पांजलि



**पामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पामगढ़ में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती साई मंदिर परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण किया गया, जिसमें तविंदर पाल गांधी, ओमप्रकाश राठौर, सुखसागर ओग्रे,मनोज घोष, पार्षद संजय खांडे, मुकेश कश्यप, तिहारु कश्यप,मिलापराम वर्मा, लक्ष्मी गोरहा, दीपक कश्यप नानकी साहू सहित ऊर्जावान युवा कार्यकर्ता शामिल हुये ।

### हटाए गए बिर्रा थाना प्रभारी कृष्ण पाल जय कुमार को मिली जिम्मेदारी

**बिर्रा।** पुलिस थानों में कसावट लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय फेरबदल



किया है। एसपी ने गत दिनों एक आदेश जारी कर पिछले 2 सालों से एक ही थाना में जमे थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह उप निरीक्षक को बिर्रा थाना से हटाकर जांजगीर भेजा गया है। वहीं उनके स्थान पर निरीक्षक जय कुमार साहू जांजगीर को बिर्रा थाना का प्रभारी बनाया गया है। बिर्रा थाना प्रभारी उप निरीक्षक कृष्ण पाल सिंह कंवर काफी लंबे समय से एक ही थाना में जमे हुए थे। उनके स्थान पर निरीक्षक जय कुमार साहू का थाना प्रभारी बिर्रा के पद पर पदस्थापना किया गया है।

### मुहर्रम के मौके पर मुस्लिम जमात ने किया लंगर का आयोजन



**जांजगीर-चांपा।** हजरत ईमाम हुसैन की याद में मुहर्रम पर्व के मौके पर स्थानीय मुस्लिम जमात एवं यंग कमेटी के द्वारा नैला रेलवे स्टेशन के पास लंगर व शरबत वितरण कर इमाम हुसैन को याद किया गया। इस अवसर पर रफ़ीक सिद्दीकी, हाजी अहमद सलाम खान, डॉ. अतीक सिद्दीकी, मोहम्मद राशिद ,अनवर खान ,रहमान खान ,समीर खान, इब्बू खान, राजू कपर, अब्दुल रब ,शाहबाज सिद्दीकी, आकिब राजा, भुरू खान ,मोहसिन खान, विक्की खान, राजा ,अब्दुल कदीर जाहिद खान, मोहम्मद फरीद , मोंटू खान, असलम खान, बाबा खान सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

---

शिक्षाविद एवं महान चिंतक की जयंती पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# भारत के सच्चे सपूत थे डॉ मुखर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी सक्ती द्वारा रविवार 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह ग़बेल सहित उपस्थित अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया।

संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष टिकेश्वर सिंह ग़बेल सहित मंचस्थ अतिथियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बारे में सारगर्भित बाते कही। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में धारा 370 हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के सच्चे सपूत थे। भारत माता के इस सपूत का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। इनके पिता आशुतोष मुखर्जी महान शिक्षाविद एवं बुद्धिजीवी थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश एक विधान एक प्रधान की बात कही, जब देश आजाद हुआ कश्मीर में अलग ही शासन व्यवस्था थी। भारत के ही लोगों को कश्मीर जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती थी। वहां अलग ही कानून चलता था। श्यामा प्रसाद मुखर्जीने जिसका विरोध किया। उन्होंने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। अगस्त 1952 में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया था कि "या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपना




संगोष्ठी में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अतिथि।

जीवन बलिदान कर दूंगा"। डॉ. मुखर्जी अपने संकल्प को पूरा करने के लिये 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गयी। जेल में उनकी मृत्यु ने देश को हिलाकर रख दिया और परमिट सिस्टम समाप्त हो गया। उन्होंने कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, "नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े और निर्वाचित हुए, उन्हें अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल किया। नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गए जिनमें एक डॉ. मुखर्जी भी थे। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के समर्थक थे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और महान देशभक्त थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा एवं आभार व्यक्त जिला मंत्री नेतराम चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्षगण भूषण चंद्रा, संजय रामचंद्र, जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा जिला मंत्री नेतराम चंद्रा, भुवन भास्कर यादव, जिलाकोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, प्रेम पटेल , जिला आई टी सेल अरुण शर्मा जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, आयुष शर्मा, जिला युवामोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू, उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल दीपक गुप्ता, भोजराम साहू रितेश साहू चक्रधर साहू, दिलीप सराफ,संजय अग्रवाल, सोनू जाय़सवाल,मंडल अध्यक्षगण अभिषेक शर्मा, पहलवान दास महंत, गेंदराम मनहर, जीवेंद्र गबेल, आशीष तिवारी, भूपेन्द्र यादव ,रोशन राठौर, गजेंद्र राठौर ,दादू केवट राजेंद्र राठौर, विजय जायसवाल, नटवर सिदार, सरिता सिदार,नितिन शुक्ला,पिंटू सिंघल, सुरेश साहू, धनंजय नामदेव, घनश्याम देवांगन सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी को किया नमन, लगाए पौधे

**व्यासनगर।** भाजपा मण्डल मुलमुला के कार्यकर्ताओं ने अलग अलग शक्तिकेन्द्र और बूथों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र में पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई और नमन किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मण्डल क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर पौधा रोपण भी किया गया । भाजपा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने अपने सम्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। कार्यक्रम के संयोजक व



ग्राम पंचायत मुलमुला के उपसरपंच गजानंद कश्यप ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर अपनी मां और मातृभूमि को समर्पित एक छोटा-सा योगदान दिए है। यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारे जीवन में मां के अमूल्य स्थान को भी स्मरण कराने वाला एक भावनात्मक प्रयास है। हर पेड़ जीवन देता है, और मां भी तो जीवन का प्रतीक हैं। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री कौशल जोशी, मण्डल उपाध्यक्ष रामपुकार कश्यप, बसंत साहू, मण्डल उपाध्यक्ष इंदु बंजारे, मण्डल कोषाध्यक्ष किरण कुंभकार, कार्यालय मंत्री संतोष साहू, यशवंत सिंह, लक्ष्मी कश्यप, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष धनजीत कुमार सिंह, डामेश्वर टंडन, तीजराम कश्यप, राजकमल कुंभकार, प्रकाश यादव, आर्यन यादव, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---



पोंडी दल्हा में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव को लेकर चल रही तैयारी।

## गुरुपूर्णिमा पर अघोर आश्रम में लगेगा मेला, जुटेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

गुरु शिष्य के जीवन में सबसे ज्यादा महत्व रखने वाली गुरु पूर्णिमा का उत्सव गुरुवार 10 जुलाई को मनाया जाएगा। अंचल का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक व आध्यात्मिक केंद्र अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा ग्राम में आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाने हजारों भक्त जुटेंगे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जहां गुरु अपने शिष्यों को आशीष वचनों व आशीर्वाद से कृतार्थ करेंगे, वहीं शिष्य अपनी कृतज्ञता प्रकट करेंगे। इस दिन को खास बनाने के लिए आश्रम पर तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस अवसर पर अघोर आश्रम में गुरु पूजन, भंडारे एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी होगा। आश्रम के व्यवस्थापक गोपाल राम ने बताया कि गुरुदेव को मानने वाले और अघोर आश्रम के अनेक प्रकल्पों में योगदान देने वाले देश भर से हजारों भक्त सोमवार को यहां जुटेंगे। अघोर आश्रम के संस्थापक कापालिक धर्म रक्षित राम बाबा का उनके शिष्यों द्वारा पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर भजन, कीर्तन, भंडारा एवं रात्रि के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। समिति के सदस्यों ने बताया कि क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओड़िसा के साथ अन्य प्रदेशों से गुरु भक्त आएंगे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

गुरु पूर्णिमा का उत्सव गुरुवार 10 जुलाई को विशेष चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में किम्स अस्पताल बिलासपुर के डॉक्टर वाई आर राजशेखर कृष्णा- ऑर्थो स्पाइन सर्जन, डॉ. सूर्यप्रकाश (एम.डी.) जांजगीर, डॉ. सुनील साहू (एम.बी.बी.एस) जांजगीर, मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ. शुभम शुक्ला (एम.डी.) जांजगीर मेडिसीन विशेषज्ञ, डॉ. संदीप तिवारी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको कैटरेक्ट एवं लेजर सर्जन, संकल्प नेत्र चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.) एवं प्रेम चश्मा घर एवं आई केयर सेन्टर, अकलतरा द्वारा नेत्र जाच, डॉ. आलोक मंगलम (एम.डी.) हड्डी रोग विशेषज्ञ जांजगीर, डॉ. वैभव कौशिक (एम.बी.बी.एस, आर्थोपेडिक) बिलासपुर, डॉ. मनोज चन्द्रकार (एम.बी.बी.एस. एम.डी. पीडियाट्रिक) बाल रोग विशेषज्ञ बिलासपुर, डॉ. शुभम सिंह (एम.बी.बी.एस. एम.डी.) बिलासपुर, डॉ. संदीप चन्देल (एम.ए.एम.एस) बिलासपुर अपनी सेवाएं देंगे।

---

### विधानसभा सत्र के मद्देनजर अधिकारियों कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** विधानसभा सत्र को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होगी। इसे देखते हुए कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जावेगें। जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगें।

## कार्यशाला में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चंद्रावली देवी मेमोरियल हसदेव पब्लिक स्कूल चांपा के विवेकानंद

- **हसदेव पब्लिक स्कूल में विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन**

सभागृह में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड एग्जाम के विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकगण के साथ प्रिंसिपल डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा द्वारा बच्चों के शैक्षणिक प्रगति, स्कूल और घर में अवलोकन, आकलन तथा उनके दोस्त एवं मोबाइल का इस्तेमाल संबंधी बातों को लेकर एक विशेष कार्यशाला



कार्यशाला में उपस्थित अभिभावक।

आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित होकर अपना विचार साझा किया। डॉ शर्मा ने उनके अनेकों प्रकार के प्रश्नों का उत्तर उदाहरण एवं दैनिक दिनचर्या में आने वाली गतिविधियों के साथ-साथ कैसा सामंजस्य बनाकर चलना है तार्किक जवाब दिए। प्रिंसिपल डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा अब नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए पूरे साल की प्लानिंग तैयार कर रखी है एवं वीकली टेस्ट, मंथली टेस्ट, हाफ इयरली ,ईयरली तथा प्री बोर्ड परीक्षा किस प्रकार का व कैसे होगा? साथ ही सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास किस प्रकार से और कैसे करना है इसके बारे में चर्चा-परिचर्चा हुई। अभिभावकों के सुझाव एवं शिकायत को बराबर सुनने एवं उनको उत्तर देकर संतुष्ट किए। तदुपरांत उन्होंने कहा कि आप सभी की शिकायत एवं सुझाव तथा फिडबेक चाहे छोटी हो या बड़ी आनी चाहिए। स्कूल में शिकायत एवं सुझाव बाक्स एवं रजिस्टर बनाई गई है। बच्चों की अच्छी शैक्षणिक एवं बौद्धिक विकास के लिए वे और उनकी टीम एक साथ काम करेगी। कार्यशाला के पूर्ण रूप से संपन्न एवं सफल होने पर सभी अभिभावक गण, प्रिंसिपल, शिक्षक,आफिस स्टाफ को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष मोहन गुलाबानी, सचिव अरुण झाझडिया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल एवं सदस्य गणों ने कहा कि स्कूल के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जो हो सके यथा संभव आगे भी प्रयास करेंगे। कार्यशाला में बोर्ड एग्जाम कक्षा 10वीं,12वीं विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकगण,स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर मुकेश कुमार शर्मा, उप प्राचार्य श्रीमती कमल अंबवानी एवं स्कूल मैनेजर जवाहर लाल यादव उपस्थित थे।

---

## पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरु किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े द्वारा जिला कार्यालय में एक पेड़ मां के

- **धान खरीदी केंद्र एवं हाई स्कूल प्रांगण में लगाए गए फलदार व छायादार पौधे**

नाम से लगाकर सभी मंडलों शक्ति केंद्र बुथ से लेकर स्थानीय आम जनों से आग्रह किया गया की सभी को एक पेड़ अनिवार्य रूप से लगाएं। इसी क्रम में कोड़ाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह एवं प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति द्वारा धान खरीदी केंद्र एवं हाई स्कूल प्रांगण में नीम कटहल आम जामुन एवं अन्य प्रकार के



पर्यावरण संरक्षण के पौधे लगाते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

पौधारोपण करते हुए गोविंद यादव अध्यक्ष नगर पंचायत द्वारा इसके उद्देश्य के बारे में बताया गया कि एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण कर के उन्हें सम्मानित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति स्थाई स्मृति बनाना है, जो यह दर्शाता है की माताएं भी पेड़ की भांति हमारे जीवन को पोषण और संरक्षित करती है पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल हैं जैसे की हवा पानी मिट्टी पेड़ पौधे जानवर और अन्य जीव जंतु पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे के साथ जुड़कर समग्र परिस्थिति तंत्र का निर्माण करते हैं इस कारण हम सभी को एक पेड़ प्रत्येक वर्ष अवश्य लगाना चाहिए। उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, मुरारी यादव मंडल महामंत्री उत्तम सोनी पूर्व एल्डरमैन बसंत यादव राजेश यादव पूर्व मंडल महामंत्री पामगढ़ शरदचंद्र शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सत्यनारायण देवांगन ने जीवन में वृक्ष एवं पर्यावरण के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रवती सोनी, पार्षद नेहरू राही, हुलास राम साहू, हे कृष्ण साहू, परमानंद रोहिदास, गेंद बाई आदित्य, अमरिका घृतलहरे, दीपशिखा यादव, नीलम यादव, राम सहाय यादव, सत्यम सिदार संस्था प्रबंधक गोपाल यादव संस्था सह प्रबंधक रघुवीर यादव, गिरधर राठौर, अशोक आदित्य, राजेंद्र आदित्य, राहुल यादव, शोभित यादव, राजेंद्र आदित्य, पवन साहू, ललित आदित्य उपस्थित थे।

## सेवा सहकारी समिति परिसर कोसला में लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसला-पामगढ़

पर्यावरण को स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शनिवार को सेवा सहकारी समिति कोसला द्वारा सोसायटी भवन परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्षों का रोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए परिसर को चारों ओर से जालीदार तार से घेरा भी किया गया है,परिसर में फलदार वृक्ष जैसे आम, अमरूद व क़दम, अशोक वृक्ष जैसे छाया दार पौधे लगाए गए। समिति प्रबंधक रितेश तिवारी ने बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत आज सोसायटी परिसर में कई तरह के वृक्ष लगाए गए हैं, इससे विभिन्न किसान जो सोसायटी में खाद, बीज, केसीसी आदि कामों के लिए आते हैं इन वृक्षों को लगाने से उन किसानों को गर्मी के दिनों पेड़ों के नीचे बैठने से बड़ी राहत मिलेगी, और इससे परिसर में स्वच्छता और सुंदरता का वातावरण भी बना रहेगा। इस मौके पर सुधीर तिवारी, रूपचंद साहू, सरपंच राजकुमार नारंगे,योगेश कुमार साहू, सेवा सहकारी समिति कोसला प्रबंधक रितेश तिवारी, सेल्समैन सुखदेव पटेल, नीमा संतोष तिवारी, पंच फिरत राम कुर्मी, नोखराम वर्मा, सरजू कश्यप, प्यारे लाल साहू , तिजाऊ कश्यप, भगवती साहू सहित ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

---

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई पामगढ़ की मेंहदी में हुई मासिक बैठक

## संघ की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें पेंशनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील ईकाई पामगढ़ की मासिक बैठक पूर्व माध्यमिक शाला मेंहदी में हुई। मुख्य अतिथि प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त, अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर, विशिष्ट अतिथि नारायण प्रसाद यादव प्रांतीय प्रवक्ता, शंकर लाल आदित्य तहसील अध्यक्ष एवं रथराम जांगड़े उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि रतन लाल कैवर्त ने पेंशनधारी कल्याण संघ के संस्थापक जगत सिंह बैस के द्वारा संघ के लिए किए गए कार्यों को याद कर नमन करते हुए कहा कि सभी पेंशनर साथी आईटीआर अवश्य भरें ताकि लगातार तीन वर्षों तक भरने के बाद यदि अकास्मिक दुर्घटना होने पर पेंशन का 10 गुना राशि शोक संतप्त



बैठक में उपस्थित पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारी।

परिवार को शासन द्वारा देय होगा। अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने सभी को एकजुट रहकर कार्य करने की अपील की। साथ ही अधिक से अधिक नये पेंशनर साथियों को संघ में शामिल करने को कहा। विशिष्ट अतिथि प्रांतीय प्रवक्ता नारायण प्रसाद यादव ने धारा 49/6 को हटाए जाने की दिक्कतों तथा उनके निराकरण प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से चर्चा किये। स्वागत भाषण में शंकर लाल आदित्य तहसील अध्यक्ष पामगढ़ ने संगठन के विभिन्न पहलुओं पर संगठित होने के लिए सदैव तत्पर रहने की अपील करते हुए बैठक में उपस्थित सभी पेंशनर साथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ पेंशनर चैतराम देव खटकर, रथराम जांगड़े, होरी लाल आदित्य, लक्ष्मी नारायण साहू, बिहारी लाल भारद्वाज, अश्वनी श्रीवास, कृष्णा लाल यादव,मोहन प्रसाद एवं गोरेलाल डाहिरे एवं अन्य ने भी अपने विचार साझा किए। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर ने चार नवीन पेंशनर ललित राम कश्यप,आर पी साहू,गुलाब सिंह पैकरा एवं रामनिवास श्रीवास का श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया। साथ ही तहसील पामगढ़ के नीलकंठ खरे, बिहारी लाल भारद्वाज, जवाहर लाल साहू, कन्हैया लाल श्रीवास,केबी यादव, सोनाराम यादव,धरम लाल दिव्य, गोरेलाल डाहिरे एवं लकेश्वर लहरे को उनके द्वारा किए गए संगठनात्मक कार्यों के लिए प्रांतीय स्तरीय प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव बेदराम यादव एवं कृष्ण लाल यादव ने किया।

